संख्या- 207 /2026/ 2540 /चार-2026-1834824

**प्रेषक,**

मनोज कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

**सेवा में,**

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

**संस्कृति अनुभाग** **लखनऊ: दिनांक 15 सितम्बर, 2026**

**विषय:-** जनपद मिर्जापुर, वाराणसी, आजमगढ़, गोरखपुर एवं मुरादाबाद में कजरी महोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 1464/सं0नि0-1(कजरी महोत्सव)/2026-27टी0सी0, दिनांक 31 अगस्त, 2026 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा कजरी महोत्सव हेतु पांच जनपदों में दिनांक 08 सितम्बर से 15 सितम्बर, 2026 की अवधि में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर अनुमानित व्यय का विवरण निम्नवत् उपलब्ध कराया गया है:-

| क्र | जनपद | नाम एवं स्थान | मोबाइल न० | विधा | मानदेय | किराया | कुल मानदेय | नोडल संस्था का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मिर्जापुर | आश्रया द्विवेदी, प्रयागराज बी ग्रेड/प्रथम | 879530055 | कजरी गायन | 45000 | 125x2x33 =8250 | 53250 | उ0प्र0 लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ (कार्यक्रम दिनांक 08.09.2026 को मिर्जापुर एवं दिनांक 10.09.2026 को वाराणसी में प्रस्तावित) |
| 2 | | सुश्री रानी सिंह, मिर्जापुर बी ग्रेड/प्रथम | 9451185094 | कजरी गायन | 45000 | - | 45000 | |
| 3 | | सुश्री रंजना रचिता मिश्रा, लखनऊ (ए ग्रेड, प्रथम) | 8004261399 | कजरी गायन | 55000 | 325x2x33 =21450 | 76450 | |
| 4 | | सूफिया बेगम, मिर्जापुर गैर श्रेणी/प्रथम | 6393496960 | कजरी गायन/नृत्य | 40000 | - | 40000 | |
| 5 | | सुश्री फगुनी देवी, मिर्जापुर (गैर श्रेणी, प्रथम) | 7607589487 | कजरी गायन | 35000 | - | 35000 | |
| 6 | | सुश्री कल्पना गुप्ता, मिर्जापुर (गैर श्रेणी, प्रथम) | 8112922121 | कजरी गायन | 35000 | - | 35000 | |
| 7 | वाराणसी | सुश्री ममता शर्मा (बीहाई, प्रथम) | 7007704886 | कजरी गायन | 45000 | - | 45000 | |
| 8 | | सुश्री आराधना सिंह, वाराणसी (गैरश्रेणी/प्रथम) | 8887135811 | कजरी गायन | 35000 | - | 35000 | |
| 9 | | सुश्री प्रियंका सिंह, वाराणसी (गैर श्रेणी/प्रथम) | 8369300714 | कजरी गायन/नृत्य | 40000 | - | 40000 | |

https://shasanadesh.up.gov.in

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | | सुश्री रंजना रॉय, वाराणसी गैर श्रेणी/प्रथम | 9199920032 | कजरी गायन | 35000 | - | 35000 | |
| 11 | | सुश्री दिव्यानशी द्विवेदी, वाराणसी (बी ग्रेड, प्रथम) | 7355589236 | कजरी गायन | 35000 | - | 35000 | |
| 12 | | सुश्री आस्था शुक्ला वाराणसी (गैर श्रेणी/प्रथम) | 9026087557 | कजरी गायन/नृत्य | 40000 | - | 40000 | |
| 13 | | श्री अरूण सोनकर, लखनऊ (गैर श्रेणी/प्रथम) | 8707638569 | कजरी गायन | 35000 | 350x2 =23100 | 58100 | |
| 14 | आजमगढ़ | सुश्री मालविका हरिओम, लखनऊ (विशिष्ट/प्रथम) | 9120250088 | कजरी गायन | 10000 0 | 20000 | 12000 0 | भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय , लखनऊ ( कार्यक्रम दिनांक 11.09.2026 को प्रस्तावित) |
| 15 | | श्री आदर्श मिश्रा, आजमगढ़ (बीहाई/प्रथम | 8009591010 | कजरी गायन | 45000 | - | 45000 | |
| 16 | | श्री अजय मिश्रा, आजमगढ़ (विशिष्ट/प्रथम) | 9838658425 | कजरी गायन | 10000 0 | - | 10000 0 | |
| 17 | | सुश्री कृतिका सिंह, आजमगढ़ (गैर श्रेणी, प्रथम) | 8115267520 | कजरी गायन | 35000 | - | 35000 | |
| 18 | | हरिहरपुर संगीत महाविद्यालय, आजमगढ़ | - | कजरी गायन/नृत्य | 75000 | - | 75000 | |
| 19 | गोरखपुर | पद्मश्री मालिनी अवस्थी, लखनऊ (पद्मश्री/प्रथम) | 9971498345 | लोक गायन | 50000 0+ 18%GST- 72000 | 30000 | 60200 0 | उपनिदेशक राजकीय बौद्ध संग्रहालय, गोरखपुर ( कार्यक्रम दिनांक 12.09.2026 को प्रस्तावित) |
| 20 | | श्री राज कुमार तिवारी (राजन) , जौनपुर (बी हाई ग्रेड, प्रथम) | 7007865343 | कजरी गायन | 45000 | 200x2x33 = 13200 | 58200 | |
| 21 | | सुश्री इंदु गुप्ता, गोरखपुर (बी हाई ग्रेड, प्रथम) | 9450882766 | कजरी गायन/नृत्य | 45000 | - | 45000 | |
| 22 | | सुश्री सविता त्रिपाठी, गोरखपुर(बीहाई, प्रथम) | 9956862387 | कजरी गायन | 45000 | - | 45000 | |
| 23 | | कथक केन्द्र, उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी | | कजरी/ सावन पर आधारित नृत्य | 75000 | - | 75000 | |
| 24 | मुरादाबाद | सुश्री माधुरी शर्मा, | 9837258342 | कजरी | 70000 | 300x2x33 | 89800 | वृन्दावन शोध |

https://shasanadesh.up.gov.in

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मथुरा (टॉप ग्रेड, प्रथम) | | गायन | | = 19800 | | संस्थान, मथुरा (कार्यक्रम दिनांक 15.09.2026 को प्रस्तावित) |
| 25 | | सुश्री प्रतिमा वर्मा, मुरादाबाद (गैरश्रेणी/प्रथम) | 7830336381 | कजरी पर आधारित नृत्य नाटिका | 40000 | - | 40000 | |
| 26 | | सुश्री नमिता अग्रवाल, मुरादाबाद (बीग्रेड/प्रथम) | 9917465656 | कजरी गायन/नृत्य | 45000 | - | 45000 | |
| 27 | | सुश्री संजोली पाण्डेय, लखनऊ (बी ग्रेड, प्रथम) | 9643187730 | कजरी गायन/नृत्य | 45000 | 400x2x33 = 26400 | 71400 | |
| 28 | | डॉ० दिव्य दत्त, मुरादाबाद (बी ग्रेड, प्रथम) | 8218298076 | कजरी गायन | 45000 | - | 45000 | |
| **योग- (रूपये बीस लाख चौसठ हजार दो सौ मात्र)** | | | | | | | **2064200** | |

प्रतिभाग करने वाले अतिविशिष्ट/ ख्यातिलब्ध कलाकारों एवं लोक कलाकारों के आवास, भोजन एवं यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं पर होने वाले व्ययों का अनुमानित व्यय विवरण:-

| **क्र0** | **विवरण** | **अनुमानित धनराशि** |
|---|---|---|
| 1 | कलाकारों के मानदेय पर व्यय | 20,64,200.00 |
| 2 | कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार प्रति स्थल 2.00 लाख (2.00 x5) | 10,00,000.00 |
| 3 | कार्यक्रम स्थल की साज-सज्जा पर व्यय प्रति स्थल 5.00 लाख (5.00 x5) | 25,00,000.00 |
| 4 | कार्यक्रम हेतु लाइट, साउण्ड, टेन्ट आदि प्रति स्थल 5.00 लाख (5.00 x5) | 25,00,000.00 |
| 5 | कलाकारों हेतु सूक्ष्म जलपान, आवास, भोजन आवश्यकतानुसार प्रति स्थल 1.50 लाख (1.50 x5) | 7,50,000.00 |
| 6 | यातायात पर व्यय प्रति स्थल 1.00 लाख (1.00 x5) | 5,00,000.00 |
| 7 | अन्य व्यय प्रति स्थल 0.60 लाख (0.60 x5) | 3,00,000.00 |
| | कुल अनुमानित योग | **96,14,200.00** |

**2.** उपर्युक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तावानुसार जनपद मिर्जापुर, वाराणसी, आजमगढ़, गोरखपुर एवं मुरादाबाद में कजरी महोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु **रू0 96,14,200.00 (रूपये छियान्नबे लाख चौदह हजार दो सौ मात्र)** की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए धनराशि अवमुक्त करने की अनुमति निम्नलिखित शर्तों/ प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते है:-

**<u>शर्तें / प्रतिबंध:-</u>**

**(1)** स्वीकृत धनराशि के आहरण/ व्यय एवं अन्य कार्यवाहियों में वित्त (आय - व्ययक) अनुभाग - 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या - 4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2025, दिनाँक- 28-मार्च, 2026 में दिये गये दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

**(2)** संस्कृति निदेशालय, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य न तो पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/ कार्यक्रम से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

**(3)** उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों का मानदेय एवं आवागमन भत्ता शासनादेश दिनांक 27.12.2022 में निहित व्यवस्थानुसार किया जायेगा।

**(4)** उक्त स्वीकृत धनराशि का भुगतान वास्तविक बिल/ बाउचर्स के आधार पर किया जायेगा।

**(5)** समस्त कार्यों का भौतिक सत्यापन कर निर्धारित मानकों का अनुपालन करते हुए नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

**(6)** उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा।

**(7)** उक्त स्वीकृति इस प्रतिबंध के अधीन है कि उपरोक्त स्वीकृत धनराशि आवंटित मदों पर व्यय की जायेगी, व्यय की अन्य मदों हेतु कदापि उपयोग नहीं किया जायेगा। यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि इन धनराशियों का प्रदेशन ही अकेले किसी प्रकार के व्यय करने का अधिकार नहीं देता, व्यय करने के लिए बजट मैनुअल और वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत नियमों अथवा अन्य स्थाई आदेशों से शासकीय अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की, जहॉ आवश्यकता हो, व्यय करने के पूर्व स्वीकृति प्राप्त कर ली जाय।

**(8)** संबंधित संस्था/ कलाकार द्वारा उपलब्ध कराये गये बिल बाउचर के परीक्षणोपरान्त स्वीकृत धनराशि को संस्थान के बैंक खाते में समयान्तर्गत भुगतान कराने की कार्यवाही संस्कृति निदेशालय द्वारा कराते हुए यथाशीघ्र शासन को सूचित किया जायेगा।

**(9)** उक्त धनराशि निदेशक, संस्कृति निदेशालय के निवर्तन पर है, अत: बजट प्राविधान के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता का दायित्व संस्कृति निदेशालय का होगा। वित्तीय स्वीकृति का आदेश संस्कृति निदेशालय द्वारा बजट प्राविधान के सापेक्ष अवशेष धनराशि की उपलब्धता की स्थिति में ही निर्गत किया जायेगा।

**(10)** धनराशि व्यय करने में समस्त वित्तीय नियमों का पालन सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त धनराशि को व्यय किये जाने में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी एवं वर्तमान में प्रभावी मितव्ययिता संबंधी शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

**3.** उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-800-अन्य व्यय -06- हरिहरपुर एवं अन्य स्थलों पर कजरी महोत्सव -42-अन्य व्यय मद से वहन किया जायेगा।

**4.** यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय- ज्ञाप संख्या - 4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2025, दिनाँक- 28-मार्च, 2026 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
मनोज कुमार
अनु सचिव।

**<u>संख्या एवं दिनांक तदैव।</u>**

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. संबंधित जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4. वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
5. मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
6. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
मनोज कुमार
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in